सभापति महोदय, मैं एक और विचार सदन के सामने रखना चाहती हूं। प्राईमरी ि ाक्षा बड़ी आव यक है क्योंकि इसी मे बच्चे की ि ाक्षा की नींव रखी जाती है लेकिन यह कहते हुए

बड़ा दुख होता है कि गांव मे एक अध्यापक को दो तीन क्लासिज को पढ़ाना पड़ता है। चेयरमैन साहब, पंजाब मे प्राईमरी ि ाक्षा के लिये अलग डायरैक्टर बना हुआ है। प्राईमरी ि ाक्षा सुदृढं हो और बच्चों को अच्छी ि ाक्षा मिले इसके लिये जरूरी है कि पंजाब की तरह यहां भी अलग डायरैक्टोरेट बनाया जाये। उम्मीद है हमारी सरकार ऐसा करने की पूरी कोि ा ा करेगी।

इसके साथ ही मुझे एक बात और कहनी है। सभापति महोदय, अडल्ड ऐजुके ान सैंटर्ज बनाए गए थे। जनता सरकार के समय मे इन सैंटर्ज मे कई घपले पकड़े गये थे और कुछ डी.ई. ओज. सस्पैंड भी किये गये थ लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि जांच किये बिना ही उनमे के कुछेक को रीइनस्टेट कर दिया गया है। सरकार कृपया इस तरफ भी ध्यान दे। मैं ि ाक्षा मंत्री जी से प्रार्थना करूंगी कि जो सुझाव मैंने दिये है यदि सरकार उन पर अमल करेगी तो ि ाक्षा का स्तर ऊंचा होगा और हरियाणा के बच्चे काफी उन्नति कर सकेंगे।

सभापति महोदय, अब मैं डिमांउ नं.10 के बारे मे कुछ निवेदन करना चाहूंगी। सभापति महोदय, आप जानते है कि किसी भी राश्ट्र के उत्थान के लिये ि ाखा के बाद स्वास्थ्य का बड़ा महत्व होता हैं कार्य निश्ठा स्वास्थ्य के माध्यम से ही बढ़ सकती है। अगर स्वास्थ्य ही ठीक न हो तो इंसान न तो मेहनत कर सकता है, न हल चला सकता है, न स्कूल मे ठीक से पढ़ व पढ़ा सकता है, न उत्पादन कार्य कर सकता है, कहने का मतलब यह

कि वह कोई भी कार्य अच्छी प्रकार से नही कर सकतां विदे ाो मे स्वास्थ्य के लिये सबसे जयादा बजट रखा जाता है। लेकिन हमारा दुर्भाग्य है कि जब कभी बजट मे कटौती लगती है तो स्वास्थ्य के बजट पर लगा करती है। स्वास्थ्य बजट वर्श 1979–80 मे कंस्ट्रक ान के लिये 2.8 करोड़ रूपये का था और मुख्य मंत्री जी ने जितने हस्पतालो के नींव पत्थर रखे हे, उसका एस्टीमेट 17 करोड़ रूपये का बनता है जबकि इस बार भी 1980–81 मे केवल 2.28 करोड़ रूपया कंस्ट्रक ान कार्य के लिये रखा गया है। इसका प्रभाव चिकित्सा के अन्य पदो पर पड़ेगा। सभापति महोदय, मैं तो इस राय की हूं कि गांव गांव मे चिकित्सा सुविधाएं पहुंचनी चाहिएं 80 फीसदी जनता जो हमारी गांवो मे रहती है, उनको चिकित्सा सुविधायें मिलनी चाहिए। लेकिन अफसोस की बात यह है कि बजट के अंदर इस काम के लिये जितना प्रोविजन किया जाता है, उससे गांव और भाहरो के अंदर जितनी चिकित्सा सुविधाएं दी जानी चाहिए वे नही दे पाते। सभापति महोदय, यही नही आज डाक्टर्ज के साथ भी भेद भाव बरता जाता है। 24 घंटे की ड्यूटी डाक्टर की हुआ करती है। अगर वह कभी औफ टाईम मे पिक्चर जाता है तो बताकर जाता है ताकि अगर कोई अमरजैंसी पड़ जाये तो उसे बुला लिया जाये। फिर उनके साथ भेदभाव क्यों ? सभापति महोदय, बेसिक क्वालिफिके ान के बाद ग्यारह साल और पढ़ने के बाद एक व्यक्ति अच्छा डाक्टर बनता है। जब उसे वेतन पूरा नही मिलता तो उसके मन के अंदर एक विद्रोह सा पैदा होता है। डाक्टर्ज के साथ सिलैक ान ग्रेउ हुआ करते थे लेकिन पे

कमी ान ने उनको काट दिया है। साथ ही उनका एन.पी.ए. भी बंद कर दिया है। इसका परिणाम क्या होगा ? कोई भी अच्छा डाक्टर सरकानी नौकरी मे नही आयेगा और लोगो को अच्छी डाक्टरी सेवा नही मिल पायेगी। मैं मानती हूं कि एच.सी.एस. आफिसर्ज को वेतन बहुत मिलना चाहिए। उनके काम की दृश्टि से उन्हे सम्मान भी मिलना चाहिए लेकिन पिछले दो तीन वर्शो मे दो बार उनके पे स्केल रिवाइज हो गये जबकि डाक्टर्ज ने नही हुए। उनको तो अब तो अब जो वेतन मिलता है पे कमी ान की रिकमैंडे ांज के अनुसार उससे भी कम वेतल नए स्केल्ज से मिलेगा। तो मेरी आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से यह रिक्वैस्ट है कि डाक्टर्ज के साथ किसी प्रकार का अन्याय न किया जाये क्योंकि अगर हरियाणा प्रांत के अंदर चिकित्सा करने वाले चिकित्सक ही विद्रोही हो जायेंगे तो यहां लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ेगा और प्रांत की आर्थिक समृद्धि नही हो सकेगी।

सभापति महोदय, अब मैं डिमांड नं. 11 पर बोलना चाहती हूं। अर्बन डिवैल्पमैंट को बड़ी बड़ी बाते होती है लेकिन अफसोस की बात यह है कि अगर सुधार मंडल के द्वारा जो योजानाएं चालू की गई थी वे आज भी पूरी नही हो पाई है। आप उन लोगो से पूछिए जो हजारो रूपये दे चुके है लेकिन आज तक उनको मकान नही मिले। कुछ को अगर मिले हुए है तो बना हुआ मकान कहीं से लीक कर रहा है और उसकी तरफ कोई ध्यान देने वाला नही है। यमुनानगर मे मकान लेने के लिये हाउसिंग बोर्ड के

पास लोगो ने पैसे जमा कराए है लेकिन अभी तक जमीन ऐक्वायर नही की गई है मकान बनाकर देना तो दूर रहा । सभापति महोदय, जो गरीब आदमी अपनी तनख्वाह, व आमदनी आदि से स्वयं मकान नही बनासकता वह लोन आदि के लिये सरकार की तरफ देखता है लेकिन आज जब वह बजट के आंकड़ों की तरफ देखेगा तो सोचे गा कि इस सरकार के राज्य मे गरीब के लिये कोई स्थान नही है।

डिमांड नं. 12 के अंदर लेबर एंड ऐम्पलायमैंट की बात आती है। सभापति महोदय, सैल्फ ऐम्पलायमैंट स्कीम के तहत कुछ म्युनिसिपैलेटीज ने दुकाने बना कर दी थी। (विघ्न) इस तरह की दुकाने पानीपत,यमुनानगर और कई दूसरे स्थानो पर भी बनाई गई थी। नियम यह थास कि कोई भी आई.टी.आई. ट्रेंड, टैक्निीकल अनऐम्पलायड, यूथ जब चाहेगा तब ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज के माध्यम से उसे दुकान अलाट कर दी जायेगी। युमुनानगर मे इस तरह से 15 दुकाने दी गई । ऐडमिनिस्ट्रेटर ने 150 रूपये (125 रूपये कास्ट और 25 रूपये मुरम्मत आदि के लिये) तक किराया तय किया था लेकिन बाद मे किराया 300 रूपये कर दिया जबकि उसके साथ बनी हुई दुकानो का किराया 100 या 110 रूपये है। मैंने बीस बार लिख कर दिया कि उनका रिाया कम होना चाहिए लेकिन वह आज तक कम नही किया गया। आज उन गरीबो को बिजली नही मिल रही है, रा मैटीरियल नही मिल रहा है। चेयरमैन साहब, आप ही बताएं कि वे बैंको का कर्जा कैसे अदा करेंगे। मेरी

सरकार से प्राथ्रना है कि यह बेरोजगार यूथ को विद्राह की ओर अग्रसर न करे बल्कि उनको दुकानो का किराया कम करके, उनको मदद करके उन्हे भी सुख की सांस लेने दी जाये।

सभापति महोदय, कौन नही जानता कि यमुनानगर मे बिजली की कटौती बहुत ज्यादा है ? इसके बावजूद भी खाद्य एवं पूर्ति मंत्री जी ने कहा कि वहां डीजल पांच प्रति ात दिया जाता है। उन्होंने यह भ कहा कि वहां केवल 11 जैनरेटर्ज है।

मैं हाउस मे बताना चाहती हूं कि वहां सारे सब डिवीजन मे 2 हजार स्माल स्केल यूनिटस काम कर रहे है और केवल यमुनानगर मे 19 जनरेटिंस सैटस है, साढ़े चार सौ इंजन है लेकिन ये सारे के सारे स्टैंडस्टिल हैं उनको न डीजल मिलता है और न ही बिजली मिलती है। जब इन यूनिटस मे लेबर काम करने के लिये जाती है तो यूनिटस वाले कह देते है कि बिजली नही है इसलिये आज काम नही करना। उन यूनिटस को 15 दिन के अंदर केवल 60 घंटे बिजली मिली है। आप इस बिजली से अंदाजा लगाये कि यमुनानगर मे इंडस्ट्री की क्या हालत होगी ?

सभापति महोदय, मैं रोड्ज के बारे मे भी अर्ज करना चाहती हूं। एप्रोच रोडजतो गांवों को देने का सरकार का संकल्प ठीक है लेकिन गांवो के अंदर जो हरिजन बस्तियां है जिन्हें हरिजन माजरी आदि कहते है ये आमतौर पर इनटीरियर मे होती है। बरसात के दिनों मे वे लोग बिल्कुल नही निकल सकते है।

मेरे अपने हल्के मे भी हरिजन माजरी है उनकी भी यही पोजी ान है। जैसे गदोली माजरी, करेड़ा माजरी, इनके अंदर जल्द से जल्द लिंग रोडज बनायी जायें ताकि उन गरीबो को सुविधा हो सके।

इसी प्रकार से टापू कमालपुर है। वह गांव ऊंची जगह पर बसा हुआ है। उनके खेत सड़क से बहुत दूर पड़ते है। सड़क सारी डूब जाती है। महिलायें भाोच भी नही जा सकती है इसलिये ऐसे गांवो को एप्रोच रोडज से जरूर मिलाया जाना चाहिए। एक गांव नागल है जिसका स्कूल भाादीपुर रोड पर है। उस गांव का स्कूल तो सड़क पर है पर गांव वहां से कुछ दूर है। पिछले साल फल्ड मे स्कूल के आस पास इतना पानी आ गया कि एक चौकीदार भी डूब कर मर गया था। बच्चो के कश्ट का तो क्या कहा जाये वहां पर अध्यापक जाता हे, सड़के पर हाजरी लगा कर बच्चो को वापिस घर भेज देता है। ऐसी रोड़ज को प्रायरिटी बेसिज पर बनाया जाना चाहिए। ऐसी सड़कों मे नियम का खास ख्याल नही रखना चाहिएं मेरे हल्के मे पंचपूर गांव है। जब चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर थे उनके नोटिस मे भी मैं यह बात लायी थी कि जो वहां पर आगमेंटे ान कैलान बनायी गई है उससे उनके खेत कट कर नहर के पार पड़ते है जिसके कारण उनको काफी दिक्कत होती है। इसलिये वहां पर एक फूट ब्रिज बनाया जाना चाहिए। पिछली सरकार ने इस पुल की योजना को स्वीकार भी किया था पर अभी तक कुछ भी हुआ नहीं कुरूक्षेत्र जिले के रादौर गांव के पास अलहार गांव मे कुछ

कुंड बने हुए है। बरसात के दिनों मे उनके आधा आदमी डूब जाता है। वहां पर सेम का पानी भरा रहता है इसलिये वहां पर भी पुल बनाने की योजना स्वीकृत भी, परन्तु जनहित के इस कार्य को प्रारम्भ नही किया गया।

इसके बाद मैं ला एन्ड आर्डर की डिमांउ नं. तीन पर भी अर्ज करना चाहती हूं। बहुत से साथियों ने हाउस मे कई घटनाओं की चर्चा की है। बहुत सारी बाते तो आ गई है लेकिन फिर भी मैं अर्ज करना चाहती हूं कि अगर ला एंड आर्डर की यही पोजी ान रही तो भारीफ आदमी के लिये रहना मु कल हो जायेगा। मुझे अभी चार पांच दिन पहले एक डैपुटे ान मिला। उसने बताया कि कालांवाली मंडी का चालीस वर्श का एक बृज लाल नाम का व्यक्ति गुम है, अब पता नही वह मिला है या नही। पहले उसको धमकियां भरे पत्र भी आते रहे है। इसी प्रकार से पिछले साल एक तीन साल के बच्चे को उठाया गया और मार दिया था। उसी प्रकार से उसकी भी ऐसी स्थिति न हो जाये।

सरदार सुखदेव सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। माननीय सदस्या को सच्चाई मालूम कर लेनी चाहिए। वह आदमी जिन्दा है। ये बोल * * * रही है।

श्री सभापतिः झूठ भाब्द एक्सपंज कर दिया जाये।

श्रीमती डॉ. कमला वर्माः मुझे नही पता कि मिला है या नही। अगर मिल गया है तो बड़ी अच्छी बात है। मेरे को एक डैपुटे ान मिला था उसने यह बताया था कि वह गायब है।

सरदार सुखदेव सिंहः यह गलत कह रही है।

श्रीमती डॉ. कमला वर्माः मेरे को तो डैपुटे ान मिला था। सरकार ने छानबीन कर ली है तो बड़ी अच्छी बात है। अगर नही मिला है तो कोि ा ा कर ले।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): चेयरमेन साहब, जब वह तीन साल का बच्चा मारा गया था उस समय पर चौधरी देवी लाल चीफ मिनिस्टर हुआ करते थे और चौधरी वीरेन्द्र सिंह होम मिनिस्टर हुआ करते थे। अब एक हफ्ते पहले एक आदमी गुम हुआ था लेकिन दो दिन के बाद अपने आप वापिस आ गया था। (विघ्न)

श्रीमती डॉ. कमला वर्माः चेयरमैन साहब, महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे है उनके बारे मे तो कहने का मेरा अधिकार है, कोई भी सरकार हो उसका यह कर्तव्य बनता है कि उनकी सुरक्षा करे। जिन हरिजन महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ है, गोहाना मे जो लड़की का कत्ल हुआ है, हांसी मे जो घटनाएं हुई है या जो भी कोई डाकाजनी की या अन्य घटनायें हुई है, उनका प्रबंध करना तो सरकार की जिम्मेदारी है।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

श्री बलदेव तायल द्वारा

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आफ परसनल एक्सप्लेने ान सर। कल सी.एम. साहब ने मेरे मे कुछ कहा था उस विशय पर बोलना चाहता हूं। मैं डिमांडज पर इस समय बोलना नही चाहता।

श्री सभापतिः मैं रिकार्ड से चैक करवा लेता हूं। आपको टाईम दे दूंगा।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): चेयरमैन साहब, बलदेव तायल जी को आप समय दे दें लेकिन बाद मे मुझे भी थोड़ा सा टाईम दें।

श्री बलदेव तायलः चेयरमैन साहब, मुख्य मंत्री जी की सत्यप्रियता तो सारे हरियाणा मे म ाहूर है। इस बारे मे मुझे कुछ नही कहना है। जहां तक डिफैक ान का संबंध है इस बारे मे मेरे पितामह के और मेरे विचारों मे भिन्नता रही है। वैसे हम दोनो ही 19 महीने जेल मे इकट्ठे रहे है। इसमे कोई दो राय नही है कि उस वक्त भी वे मेरे पितामह थे और आज भी है लेकिन मैं इस गरिमामय सदन मे एक बात कहना चाहता हूं कि जब से मैंने जनता पार्टी जायन की है, मेरा पार्टी छोड़ने का कभी इरादा नही बना, न ही पार्टी छोड़ी और न ही पार्टी छोड़ने का इरादा रखता हूं। Chairmain Sir, I must say one thing—

"The birds abadon the tree when there are not ruits,

Swans abandon the direct lake,

Women abandon men, who are no longer rich;

Ministres abandon their rules, when

they are not more in power;

Bees abandon the stale flower;

Animals abandon the burnt forest;

People try to please for some selfish objectives;

who rules over whom", Chanakya says.

चौधरी भजन लालः चेयरमैन साहब, मुझे भी एक मिनट दे दे। अभी बलदेव तायल जी ने फरमाया कि न मेरा पार्टी छोड़ने का इरादा है और नही मेरा कभी इरादा हुआ थां जोक बात मैंने कही थी वह यह थी कि जब चौधरी रिजक राम पार्टी छोड़ कर जा रहे थे, वे मेरे पास हिसार मे आये कि मैं इस्तिफा देना चाहता हूं और ये पार्टी छोड़ना चाहते थे मुझे आप जाने दे। ये उस वक्त पार्टी छोड़ने को तैयार थे। यह हकीकत है उनकी पार्टी छोड़ने की।

Shri Baldev Tayal: No, I had never said that, I had never expressed a desire to leave the party (Insterruptions) Mr. Chairman, Sir, I must say one thing. Both Dr. Mangal Sein and Shri Balwant Rai Tayal are the witness. They requested Ch. Bhajan Lal not to accept my resignation when I resigned not once but twice and requested to be relieved as Deputy Chairman. Shri Balwant Rai Tayal is very much present here.

He should state the balwant Rai Tayal is very much present here. He should state the true facts about the meetig held in the P.W.D. Rest House, Hissar, if he has any guts.

Mr. Chairman: You personal explanation has come.

वर्श 1980–81 के बजट की डिमांडज फार ग्रांटस पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

श्री भाम ोर सिंह (नरवाना): चेयरमैन साहब, बजट की जनरल डिस्क ान पर काफी अच्छे सुझाव सरकार के सामने आये है। (भाोर) मैं अपने हल्के के बारे मे 2–4 बाते अर्ज करना चाहता हूं। कल मैं नही कह सका था इसलिये मैं अब बोलना चाहूंगा। चेयरमैन साहब, मैं डिमांड नं. 8, 9, 10 तथा 11 पर संक्षेप मे बोलना चाहूंगा। चेयरमैन साहब, नरवाना एक छोटा सा टाऊन है। वहां पर वाटर सप्लाई स्कीम 10–12 साल पहले 10–12 लाख रूपये लगा कर बनाई गई थी। उस स्कीम का जो स्टोरेज टैंक है, वह नीचे बैठ गया है उसके कारण जो पानी सप्लाई होता है, वह काफी गंदा पानी आना भाुरू हो गया हैं चौधरी देवी लाल जी की सरकार के टाईम मे इस बारे मे मैंने एक काल अटैं ान मो ान भी दी थी और उस बजट पर बोलते हुए भी मैंने बार बार यह कहा था कि इस वाटर सप्लाई स्कीम को टेक ओवर किया जाये। 30 हजार के करीब आबादी का यक कस्बा है। मैंने इसी हाउस मे, जब सरदार लक्षमन सिंह मिनिस्टर होते थे, उस समय यह जिक्र

किया था। गवर्नमैंट की तरफ से यह अ यारेंस आई थी कि नरवाना वाटर सप्लाई स्कीम को म्युनिस्पिल कमेटी से लेकर पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट टेक ओवर इसलिये करना था क्योंकि वहां की म्यूनिसिपल कमेटी के पास टैक्निकल नो हाऊ नही है। इस फैसले को हुए आज करीब दो साल हो गये हैं लेकिन आज तक उस स्कीम पर कुछ भी कार्यवाही नही की गई है। इसलिये मैं सरकार का इस बोर ध्यान दिलाना चहाता हूं कि यह जो तीस हजार का कस्बा है इस मे गन्दा पानी जाने से बिमारी फैल सकती हैं इसलिये जल्दी से जल्दी उसकी रिपेयर कराई जाये। चेयरमैन साहब, मेरे इलाके मे जो देहात है उनमे पीने के पानी की बहुत दिक्कत हैं पिछली सरकार ने इस बात को माना था कि नरवाना सब डिवीजन मे 80 फीसदी ऐसे गोंव हे जहां पर खारा पानी है उस वक्त श्री बीरेनद्र सिंह से मुझे एक पत्र भी आयाथा कि हम नरवाना की स्कीम को वर्ल्ड बैंक की स्कीम के तहज लेने जा रहे है। मेरी सारी कांस्टीच्यूएंसी का सर्वे भी करवाया गया लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि राजनीतिक कारणो से, बाद मे उसको नही लिया गया। और किसी अन्य कान्स्टीच्यूएंसी को बर्ल्ड बैंक स्कीम के तहत ले लिया गया। में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि पिछले 3 सालो मे मेरी कांस्टीच्यूएंसी मे कोई वाटर सप्लाई स्कीम नही दी गई। इसलिये मेरी कांस्टीच्यूएंसी मे जल्दी जल्दी वाटर सप्लाई स्कीम दी जाये ताकि वहां के गांवों के लोगों को अच्छा पानी मिल सके। जिन गांवों के लोगों ने अपना भोयर भी जमा किया हुआ है और वहां पानी भी

खराब है उसको जल्दी से जल्द भुरू किया जायें अब राठी साहब ने मुझे यकीन दिलाया है कि पिछले तीन सालो मे जो कमी रह गई हे उस कमी को पूरा कर दिया जायेगा।

चेयरमैन साहब, नरवाना म्यूनिसिपल कमेटी की भी बड़ी खराब हालत है। जैसे कि मैंने बताया है कि नरवाना एक छोटा सा कस्ब है। उसमे बहुत से हरिजन बस्तियां भी है। उनमे किसानों की भी बस्तियां है और कुछ अन्य लोगों की भी बस्तियां है। उन बस्तियों के अंदर न कोई लाईट का प्रबंध है और न ही कोई नाला आदि का प्रबंध है। नरवाना कस्बे की हालत एक बदतर गांव से भी बुरी है। इसलिये उस कस्बे की गलियों को पक्का किया जाये और लाईट आदि का प्रबंध किया जाये। मैं सरकार से यह भी दर्खास्त करना चाहूंगा कि नरवाना म्यूनिसिपल कमेटी के पास कोई आमदनी के साधन नही है। इसलिये सरकार नरवाना कमेटी को कोई स्पे ाल ग्रांट दे कर वहां पर लोगों की सुविधाओं के लिये काम कराये। पिछले आम चुनावों के दिनों मे मुख्य मंत्री जी ने एक लाख या दो लाख रूपये देने का एलान भी किया था। मैं चाहता हूं कि कम से कम 5–7 लाख रूपये उस म्यूनिसिपल कमेटी को दिये जाये ताकि वहां की बस्तियां को न्यूनतम सुविधाएं दी जा सके।

चेयरमैन साहब, नरवाना के बस स्टैण्ड की भी बहुत खराब हालत है। यह बस स्टैण्ड म्युनिसिपल कमेटी का बनाया हुआ है। वर्शा के दिनों मे वहां पर 4–5 फुट पानी खड़ा हो जाता

है। इस बस स्टैण्ड से 300 बसें रोजाना गुजरती है। मैं सरकार से अ यारेंस चाहूंगा कि वहां पर नया बस स्टैण्ड जल्द से जल्द बनाया जाये। मंत्री महोदय मेरे दोस्त भी है लेकिन उन्होंने जो बस स्टैंडज की लिस्ट दी है उस मे अब भी नरवाना बस स्टैण्ड का नाम नही है। मुझे मंत्री जी से उम्मीद है कि उसको ये प्रायरिटी बेसिज पर बनाये जाने पर ध्यान देंगे।

चेयरमैन साहब, एक बात और कहना चाहता हूं कि कल मैंने एम्पलायमैंट के बारे मे सुझाव दिया था, उसमे एक बात और ऐड करना चहता हूं। हरियाणा मे हजारो पढ़े लिखे नौजवान गांवो मे रहते है। जब हरियाणा के अंदर कोई जगह निकलती है तो उनको पता लग जाता है लेकिन जब कोई सैंट्रल या रेलवे मे कोई जगह निकलती है तो उनको पता नही लगता। इसलिये मेरी हरियाणा सरकार से गुजारि ा है कि गांवो और कस्बों के जो नौजवान है उनके लिये ऐसे गाईडैंस ब्योरो का प्रबंध किया जाये जो उनको इस बात के लिये गाईड कर सके कि कहां एग्जाम देना है, कहां पर वेकेंसी है ताकि वे उसके लिये एप्लाई कर सकें और तैयारी कर सकें। मैं चाहता हूं कि सरकार इस बात के लिये जरूर कदम उठाये क्योंकि ऐसा करने से गरीबो के बच्चे ज्यादा से ज्यादा नौकरी पा सकेंगे।

चेयरमैन साहब, इसके साथ ही आखिर मे, मैं एक बात और कहना चाहता हूं । डिमांड नं. 1 विधान सभा के बारे मे है, चेयरमैन साहब, आपको खुद को भी पता हे कि एम.एल.एज.

फ्लैट्स मे फर्नीचर के बारे मे अढ़ाई तीन साल पहले सरकार ने यह कहा था कि हम इसके लिये कुछ पैसा देंगे। अब जो वहां पर फर्नीचर है वह 10–15 या 20 साल पहले का खरीदा हुआ है जोकि बिल्कुल टूट चुका है.....

श्री सभापतिः 25 साल पुराना है।

श्री भाम ोर सिंहः जी हां, 25 साल पुराना फर्नीचर है जोकि बिल्कुल टूट चुका है किसी भी फ्लैट मे फर्नीचर की कोई भी आईटम पूरी नही है और बड़ा पुराना फर्नीचर है। करीब दो तीन साल पहले सरकार ने यह कहा था कि हम इसके लिये कुछ पैसा अलाट करने वाले है। आज उस बात को भी तीन साल हो गये है और फर्नीचर की इतनी खराब हालत हो गयी है कि उस फर्नीचर से काम चलना बहुत मु कल हो गया है। कोई अपने घर से फर्नीचर ले आये तो बे ाक ले आये, वरना जो फर्नीचर मिला हुआ है, वह तो इस्तेमाल नही हो सकता। हम फ्लैटस का भी किराया देते है और फर्नीचर का भी किराया देते है। किराया जरूर कम है। किराया बे ाक और ज्यादा ले ले लेकिन एम.एल.एज. फ्लैटस को प्रौपर्ली फर्नि ा करने के लिये पूरा रूपया रखे। आखिर मे मैं ला एण्ड आर्डर के बारे मे एक बात और कहना चाहता हूं । हमारी जो पुलिस की म ानरी है वह टाप हैवी है। बहुत से डी.आई.जी. बनाए गए है और इसके अलावा दूसरे काफी अफसर और कर्मचारी भी है। चेयरमैन साहब, यह कहना कि हरियाणा मे ला एण्ड आर्डर सब अच्छा है, सब ठीक है, ऐसी बात

बिल्कुल नही है। इसमे अभी काफी इम्पूवमैंट करने की जरूरत है। इसके लिये मैं समझता हूं कि मेजर कारण अभी तक पूरी तरह से ठीक नही हुआ है। यह कारण है कि हरियाणा की पुलिस की जो टाप हीरारकी है, उसके अंदर पार्टीबाजी है, वह आपस मे लड़ती रहती है। यह कोई किसी से बात करता है तो पहले यह पूछता है कि आप किस ग्रुप से ताल्लुक रखते हो। जब पुलिस वालों के अंदर ही यह बात हो कि वे पार्टीबाजी रखते हो, तो फिर उनसे इंसाफ की पब्लिक कैसे तव्वको कर सकती है। मुझे तो पुलिस की टाप हीरारकी के दिमागों मे भी कुछ खराबी नजर आती है, मैडीकली वे फिट नही है। उनका मैडीकली चैक अप भी करवा लेना चाहिए भाायद उन मे से किसी के दिमाग भी ठीक न हो। मैं इतना कहते हुए सरकार से दरख्वात करूंगा कि वे मेरी बातों की और सीरिसली सोचे और इनको ठीक करने की कोि ा ा करे।

श्री देवी दास (सोनीपत): चेयरमैन साहब, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं न तो गवर्नर ऐड्रैस पर बोला हूं और न ही बजट के ऊपर बोला हूं। अब मैं डिमांड नं 3, 8 और 10 पर बोलना चाहता हूं। डिमांड नं. 3 मे 15 करोड़ रूपया इस बजट के अधीन पुलिस के ऊपर खर्च करने के लिये रखा गया है। इसमे से एक करोड़ रूपया सी. आई.डी. यानी खुफिया पुलिस के लिये रखा गया है। मेरा अपना तजुर्बा है कि हरियाणा की खुफिया पुलिस सिर्फ पोलिटीकल लोगो की इंकवायरी करने और उनके आगे पीछे घूमने के सिवाए और

कोई काम नही करती है। सुजाता कांड जो गोहाना से सबसे बड़ा कांड हुआ था, उसका पता यह लगा सकती थी। लेकिन इसको तो पोलिटिकल आदमियों के पीछे घूमने से ही फुरसेत नही मिलती । इसके अलावा खानपुर मे अभी कांड हुआ है, सोनीपत भाहर के अंदर इतने कत्ल और डकैतियां होती रहती है, कभी सी.आई.डी. ने इनका सुराग निकालने की कोि ा ा नही की। चेयरमैन साहब, हम सी.आई.डी. एक करोड़ रूपया खर्च करने जा रहे है। मेरा कहना यह है कि ये लोग सिर्फ एम.एल.एज. पीछे घूमने, उनकी गतिविधयों को नोट करने के और काई काम नही करते। इसके साथ ही पुलिस के लिये एस.एच.ओ. से लेकर कांस्टेबल तक के लिये 10 करोड़ रूपया इस बजट मे मांगा गया है। मैं सोनीपत के अंदर हुए केसो की दो तीन मिसालें देना चाहता हूं। सोनीपत के अंदर अगर कोई चोनी हो जाये तो अब्बल तो मिलती नही अगर मिल जाये तो एस.एच.ओ. जब उस चोर से चोनी के बारे मे पूछता है तो अकसर चोर ठीक नही बताता कि उसने किसको माल बेचा है। चोर और दुकानदार जिसने चोर के माल खरीदा होता है, वे आपस मे मिले होते है। चोर सीधा एस.एच.ओ. को उस छोटे सुनारे की दुकान पर ले जाता है, जिसने उसका माल लेने से इंकार किया होता है। चोर जान बूझकर किसी ऐसे गरीब सुनारे का नाम ले देता है जिसका चोरी का माल खरीदने से कोई वास्ता नही होता। एस.एच.ओ. चोर के बताने पर सीधा पुलिस फोर्स लेकर उस गरीब सुनारे के पास पहुंच जाता है और उसको यह धमकी देता है कि अगर दो तोले सोना और 60 किलो चांदी भााम

तक न पहुंची तो तेरा चालान किया जायेगा। वह गरीब छोटा दुकानदार बेचारा मारा मारा एम.एल.एज. के पास फिरता है। अगर कोई एम.एल.ए. उस एस.एच.ओ. से टेलीफोन करके यह पूछे कि भई बता इसका कसूर क्या है जबकि सारे इलाके के मोहतबर आदमी यह कहते है कि यह ईमानदार है और इसने माल नही खरीदा। तो वह कहता है कि इसने तो चोरी का माल खरीदा है, चोर यह कहता है कि मैंने इसी आदमी को बेचा है। इसलिये मैं चाहता हूं कि कानून इस तरह से बनाया जाये ताकि किसी भी ईमानदार आदमी को नाजायज तंग न किया जा सके। पुलिस सिर्फ उसी आदमी से जाकर पूछे जिसके बारे मे उसके पपस पक्का सबूत हो कि उसने माल खरीदा है। जब इलाके के चार पांच मोहतबर आदमी यह लिखकर देते है कि इस आदमी ने चोरी का माल नही खरीदा है और उसके बावजूद भी अगर चोर है और वह असली दुकानदार जिसने वह माल खरीदा हुआ है, उससे मिला हुआ है। इसलिये मेरा कहना यह है कि इसके लिये कानून को चाहे जिस तरीके से भी बदलना पड़े, हमे बदलना चाहिए। हमारे सोनीपत मे तो इस वजह से ऐसे हालात हो गये है कि वहांपर कोई भी सुनारे की दुकान खोलने के लिये तैयार नही है। बैकवर्ड क्लासिज के लोग जो बोचारे छोटे छोटे गहने बनाते है, वे भी अपनी दुकाने बंद कर रहे है। नयी खोलने के लिये तो कोई तैयार नही है क्योंकि पुलिस उन लोगों को बिना वजह तंग करती है। मुझे सोनीपत कापता है कि वहां पर पुलिस के डर की वजह से सुनारों की दुकाने बंद हो रही है। वहां काएस.एच.ओ. जिसने उन

गरीब लोगो से रूपया वसूल किया है, अगर आप चाहे तो मैं उसका नाम बता सकता हूं।

अब मैं डिमांड नं. 10 के ऊपर आता हूं। डिमांड नं. 10 हैल्थ के बारे मे है। सोनीपत मे 150 बैड्स के हास्पिटल का एलान हो चुका है और उसके लिये जमीन भी एक्वायर हो चुकी है। जमीन एक्वायर होने के बाद जितनी जमीन ली गयी है और किजनी छोड़ी गयी है, मैं उस बात मे नही जाना चाहता हूं। मैं तो सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इस काम के लिये सरकार का लाखो रूपया खर्च हो चुका है। इसलिये वहां पर जल्दी से जल्दी नया हास्पिटल बनाया जाना चाहिए। डी.एच.एस. आफिस जो चण्डीगढ़ मे है, तीन साल को मेरा अपना तजुर्बा है, एक आर्डर भी अगर सरकार का यहां से चला जाये जो वहां पर बैठे हुए क्लर्क की मर्जी है, उसको वह इम्पलीमैंट करे या न करे। यह बात सारे एम.एल.एज. भी जानते है, आप भी जानते है और मैं भी जानता हूं। दूसरा हरियाणा मे अस्पतालों को बूचड़खानो का नाम दिया जाता है। कहीं पर कोई बीमार चला जाये तो वह प्राईवेट अस्पताल का नाम पूछेगा, सरकारी अस्पताल मे कोई नही जायेगा क्योंकि उनको पता है कि वहां पर मरीज का इलाज होने तक हो सकता है उसकी जान ही चली जाये। सोनीपत वहां पर हस्पताल जल्दी से जल्दी बनाया जाना चाहिए। चेयरमैन। चेयरमैन साहब, अब मैं डिमांउ नंबर आठ पर आता हू। चेयरमैन साहब , 1977 से जब मैं एम.एल.ए. बना हुं। (व्यवधान)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। चेयरमैन साहब, * * * *

* * * * *

(व्यवधान)

श्री सभापतिः यह सारी बात एक्सपंज कर दी जाये

(व्यवधान)

Local Government Minister (Chaudhri Khurshid Ahmed): Chairman Sahib, these words are not in good taste and should be expunged.

Mr. Chairman: These words have already been ordered to be expunged.

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर (व्यवधान) मैं तो सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि–

श्री सभापतिः आप बैठ जाइये (व्यवधान)।

श्री देवी दासः चेयरमैन साहब, मैं बता रहा था कि जब से मैं एम.एल.ए. बना हूं आज इस बा को तीन साल हो गये है मेरे हल्के मे म्यूनिसिपल कमेटी की सड़कों को छोड़कर एक किलोमीटर सड़क भी नही बनी है। हमारे मुख्य मंत्री जो पहले कोआप्रे ान मिनिस्टर थे, उस वक्त एलान भी करके आए थे कि ये सड़के जल्दी ही बना दी जायेगी लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि वे सड़के नही बनाई गई है। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि मेरे हल्के मे दो सड़के पिनाना से सलादपुर

माजरा और चटिया से सांदल स्टे ान तक बनाने की कृपा करे। ये सड़के मंजूर हुई पड़ी है। इनके बारे मे जब ऐक्सियन से बत करते है तो जवाब मिलता है कि मिनिस्टर से बात करो। चेयरमैन साहब, इस बजट मे सड़को के लिये दस करोड़ रूपया रखा गया है, इसलिये सरकार को चाहिए कि जिन हल्को मे अभी तक एक किलोमीटर सड़क भी नही बनी है, वहां सब से पहले सड़क बनानी चाहिए।

जहां तक स्कूलों को अपग्रेड करने का सवाल है यह ठीक हे कि मेरे हल्के मे तीन स्कूल अपग्रेड कर दिये गये है इसके लिये मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि जब और डिमांड आएगी तो उन पर बोलने के लिये मुझे पांच मिनट ओर दिये जायें (व्यवधान) क्योंकि मैं न तो गवर्नर ऐड्रैस पर अभी तक बोला हूं और न ही बजट पर बोला हूं (व्यवधान)। चेयरमैन साहब, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जनता लेजिस्लेचर पार्टी के अंदर श्री मांगे राम गुप्ता ने कहा था कि चाहे आप सारे जनता पार्टी को नही छोडूंगा (व्यवधान)।

श्री सभापतिः आप डिमांड पर ही बोले।

श्री देवी लालः चेयरमेन साहब, ये कह रहे है कि चेयरमैनी कायम रहेगी। मैं कहना चाहता हूं कि एक साल तक चेयरमैन रहने का हमारा हक है और हमारी पार्टी ने कहा है कि चेयरमैन रहो। मैं सिद्धांत के लिये हजार चेयरमैनी छोड़ सकता

हूं। मैं इन लोगो की तरफ से नही हूं जिन्होंने गदि्दयों के लिये दलबदल किया है (व्यवधान)। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, बजट के अंदर हमारे वित्त मंत्री महोदय ने जो दो लाख तक खरीद फरोख्त करने वाले दुकानदारो को सेल्ज टैक्स की असैसमैंट की छूट दी है इसके लिये मैं उनको बधाई देता हूं। वैसे मैं सदन को बताना चाहता हूं कि यह छूट जनता पार्टी ने दी थी लेकिन इसका श्रेय चौधरी भजन लाल ले रहे है। डिप्टी स्पीकर साहब, अंत मे मैं दो बाते कहकर बैठ जाऊंगा एक तो यह है कि मेरे यहां अस्पताल बनना चाहिए जिसके लिये जमीन ऐक्वायर हो चुकी है। दूसरी बात यह है कि सोनीपत से दूसरे प्रांतों को कोई बस नही जाती है। सिर्फ दिल्ली की बसें सोनीपत से जाती है और किसी दूसरे प्रांत को सीधी बसें नही जाती है। मेरी प्रार्थना है कि सोनीपत से दूसरे प्रांतो को बसे चलाई जाएं। धन्यवाद।

चौधरी हरि चुद हुड्डा (किलोई): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं चार दिन से अपने दोस्तों के विचार सुन रहा हूं। मैं डिमांड नंबर 2 पर अपने दोस्तों के लिये और जनता के लिये करूंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, गवर्नर साहब का जो इंस्टीच्यू ान है, उस पर बहुत ज्यादा खर्चा किया जा रहा है। पिछले तीस साल मे, गवर्नर की जो पावर्ज थी वे कम कर दी गई और पैसा ज्यादा खर्च करना भुरू कर दिया। ये पावर्ज तो पोलिटि ायंज को चली गई लेकिन गवर्नर साहब के दफ्तर पर बहुत खर्च किया जाने लगां

डिप्टी स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान का, गुरबत और गरीबी मे दूनिया मे 125वां नंबर है। जो दे ा आजादी से पहले सोने की चिड़िया कहलाता था, उस दे ा की आज हालत यह है कि वह संसार मे गरीबी के मामले मे 125वें नंबर पर है। मैं अपने दोस्तो को बताना चाहता हूं कि जो बजट होता हे वह गवर्नर ऐड्रैस का रिफलैक ान होता हैं बजट पर डिस्क ान होती है, डिमांडज आती है, फिर ऐप्रोप्रिए ान बिल आता है। ये सारी चीजें पिछले तीस साल से चल रही है। इसको बदलने की जरूरत है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बता रहा था कि सोने की चिड़िया कहलाने वाला दे ा क्यों गुरबत के 125वें नम्बर पर है, इसका क्या कारण है ? डिप्टी स्पीकर साहब, इसका सब से बड़ा कारण है कि जो पे ा किया जाता है It is not a budget but a tug of war f economy between the rich sna the poor. The bureaucracy Govt. has always been on the side of the rich. Under these circumstances, income has never been distributed equally which is the main source of equality within this country.

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको बताना चाहता हूं कि डाक्टर राम मनोहर लोहिया भारतवर्श के सब से बड़े और महान नेता थे। उन्होंने हर जगह पर यह कहा कि यह जो न्दिुस्तान के बजट पे ा होते है, ये जनता को कंगाल बनादेंगे और हिन्दुस्तान का सत्याना ा कर देंगे। इस की सारी जिम्मेदारी डनहोंने कांग्रेस पार्टी और पंडित जवाहर लाल नेहरू पर डाली थी। इसके बाद दूसरी मिवाल देता हूं जे.के. हिकस की । तीसरी कुटे ान है श्री

बी.एन. गंगोली जी की और उसके बाद अगली कुटे ान है श्री गैडगिल साहब की। इन सभी के अपने अपने विचार थे, इन्होंने कहा था कि इस दे ा मे सिवाए क्र्प ान और गरीबी, कंगाली व भूखमरी के और कुछ नही होगा। इसका मेन कारण इस दे ा मे जो बजट पे ा होते है, उन पर डाला जा सकता है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इससे आगे मैं यह बताना चाहता हूं कि 1947 के अंदर पाकिस्तान बना और इसका हवाला एक किताब 'फ्रीडम एट मिड नाईट' के पेज 224 पर दिया गया है। उसमे लिखा है कि * * * * * * डिप्टी स्पीकर साहब, उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरू प्राइम मिनिस्टर थे और होम मिनिस्टर थे श्री पटेल और फाईनैंस का विभाग श्री लियाकल अली खां जी को सौंपा गया था। हिन्दुस्तान के अंदर (विघ्न)

चौधरी खुर ाद अहमदः डिप्टी स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। मेरे आनरेबल दोस्त हुड्डा साहब, जोकि बुजुर्ग है, ये बोल तो रहे है डिमांड नं.1 पर, जोकि विधान सभा से ताल्लुक रखती है पर वे इस की बजाये यहां पर हिस्टरी कह रहे है। नै ानल आरकाईवज के बारे मे कह रहे है। वे कौन सी डिमांड के साथ इसको कनैक्ट करते है। He should be relevant to the demands under discussion. (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि हिन्दुस्तान के अंदर क्या होता रहा। जब 1946 मे इंटैरम गवर्नमैंट बनी थी, उस वक्त मुहम्मद लियाकल अली खां के कहे अनुसार जितनी बड़ी बड़ी रैवेन्यू की पोस्टे थी, वे सारी की सारी हरिजनो को दे दी और बड़ी बड़ी पर टैक्स लगा दिये गये । यह भी कहा कि सारे हिन्दुस्तान मे इस से जातपात नही रहेगी और सो ालिजम आ जायेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, * *

* * * * * *

* * * *

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं डिमांड नंबर 8 पर अपने विचार रखना चाहता हूं।

श्री उपाध्यक्षः हुड्डा साहब, आप अपनी स्पीच खत्म करे, आपका समय हो गया है।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः एक दो बाते कह कर मैं अपना स्थान लूंगा। मेरे हल्के मे छछरौली के पास एक सड़क है। छछरौली से बेचिराग मौजा तक वह सड़क जाती है। उस सड़क को जहां से लोग चाहते है, वहां से बी एण्ड आर वाले देते नही है और जहां से लोग नही चाहते है, वहां से बी एण्ड आर वाले देना चाहते है। आज से 10 साल पहले सरकार ने यह थोड़ा सा पो र्न गल्त बना दिया था, जिसके कारण लोगों को काफी तकलीफे हो रही है। इस गल्ती को छुपाने के लिये सरकार यह सड़क का सही टुकड़ा बनाना चाहती तो मेरा सरकार को सुझाव

है कि जिस तरह से गांव के लोग इस सड़क को चाहते है सरकार को चाहिए कि वहां से यह सड़क बना दी जाये ताकि लोगों को आने जाने मे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके साथ साथ मैं यहां सरकार से एक और बात कहना चाहता हूं कि एक पुल है जिसका नाम है टटोली। यह पुल 10–15 साल पहले बड़ा टेढ़ा सा बन गया था। इस की तामीर पर भी बहुत सारी पैसा खाया जा चुका है। इस को मौके पर चौधरी भजन लाल और चौधरी देवी लाल जी, दोनो को दिखाया गया था और बताया गया है। उस वक्त श्री कक्कड़ भी वहां पर मौजूद थे लेकिन काफी समय बी चुका है, बी एण्ड आर वालो ने अभी तक इस पर कोई एक ान नही लिया है। सरकार से मेरी रिकवैस्ट है कि इस पुल की तरफ भी ध्यान दिया जाये ताकि गांवो के लोगो को, जिनको इस पुल से वास्ता पड़ता है, सुख का सांस मिल सके। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपध्यक्षः हुड्डा साहब, आप वाइंड उप करें।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, इससे आगे एक बात अंत मे कह कर मैं अपना भाशण खत्म करूंगा। गांवों मे प ाु धन बड़ा प्रिय होता है इसलिये कृशि के साथ साथ प ाुओं की रक्षा करना भी हमारा फर्ज है। किसानो को इससे काफी मदद मिलती है। गांवों मे प ाुओं को एक बीमारी लग जाती है और उस बीमारी को दूर करने के लिये एक टीका लगाया

जाता है, उसका नाम है इंटीसाईट। यह एक साल्ट का टीका होता है। जो डंगरों की सुरा की बीमारी का इलाज करता है। यह लोगों को अवेलेबल नही होता है और यह 60 रूपये की बजाये 100–100 रूपये ब्लैक मे बेचा जाता है। सरकार को पहले तो इस बात की रोकथाम करनी चाहिए कि किसानो के काम की वस्तुओ पर किसी किस्म की ब्लैक न हो। जो ब्लैक करते है उन पर एक ान हो। साथ ही सरकार को यह भी उचित प्रबंध करना चाहिए कि किसानो को समय समय पर ये सहूलियतें उपलब्ध हो सके ताकि किसानो की जो 5–5 और 10–10 हजार रूपये की भैंसे मर जाती है, उस नुकसान से वे रिजीफ पा सकें। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः हुड्डा साहब, वाइंड अप करे।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आखिर मे इतना ही कहूंगा कि मंहगाई की वजह से इस वक्त हमारे दे ा मे 80 परसैंट किसान और मजदूर मर चुके है। इस कांग्रेस सरकार ने इन लोगो को तबाह करके रख दिया है। मेरा यह सुझाव है कि अगर आप इन लोगो को बुनियादी ढंग से ऊपर उठाना चाहते है तो चौधरी चरण सिंह जी की नीति को अपनाओ, और जो मैनीफैसटो लोकदल ने अपनी पार्टी का निकाला है, उसको अपनाओ, तभी आप इन गरीबों को ऊपर उठाने मे समर्थ हो सकते हो और हिन्दुस्तान को ऊपर उठा सकते हो। इन भाब्दो के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने

मुझे बोलने का समय दिया (ाोर) (इस समय कई सदस्य बोलने के लिये खड़े हो गये)

श्री उपाध्यक्षः श्री जगदी ा कुमार बैनीवाल। साहेबान, मैं यह कोि ा ा कर रहा हूं कि जो साहेबान बजट पर नही बोल सके, उनको अब बोलने का मौका दिया जाये।

स्मामी आदित्यवे ाः उपाध्यक्ष महोदया, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। * * * *

* (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः ये अलफाज सदन की कार्यवाही से एक्सपंज कर दिये जायें।

चौधरी जगदी ा कुमार बैनीवाल (दढ़ता कलां): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले डिमांड नं. 2 पर बोलूंगा। इसके अंदर जुडि ाियरी और एग्जैक्टिव के पे स्केलज मे बहुत अंतर है और न ही जुडि ाियरी को एग्जैक्टिव के मुताबिक कोई सहूलियत मिलती है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा और मांग करूंगा कि जुडि ाियरी के पे स्केलज के बारे मे जरूर ध्यान रखा जाये और उनके साथ साथ न्याय किया जाये।

इसके बाद मैं डिमांड नंबर 3 के संबंध मे कुछ कहूंगा कि गृह विभाग से संबंधित है। पिछले साल 31–3–79 को चौधरी देवी लाल की सरकार ने डी.एस.पीज. के पे स्केल रिवाईज करने का वायदा किया था जोकि अब तक लागू नही किये गये है।

दूसरी बात यह है कि एक चौधरी राम स्वरूप इन्स्पैक्टर थे उनको दस हजार रूपये का एवार्ड दिया गया था जोकि बदले की भावना से वापिस ले लिया गया है। उन्होंने एक लाख रूपये की रि वत लेने से इंकार किया था इसलिये उनको यह दस हजार रूपये का एवार्ड दिया गया था । सरकार से मेरी निवेदन है कि वह एवार्ड उसको जरूर मिलना चाहिए। (विघ्न)

इसके बाद मैं डिमांड नं. 4 पर आता हूं। जिस तरह से पिछली सरकार ने बिजली का फ्लैट रेट तय किया था उसी तरह से पानी का भी घंटों के हिसाब से फ्लैट रेट होना चाहिए। चाहे 50 रूपये घंटा हो या 60 रूपये घंटा हो। ऐसा करने से किसान लोगों का बचाव हो सकेगा और एक दूसरे के नाम गिरदावरी का झगड़ा भी नहीं रहेगा।

इसके बाद मैं डिमांड नम्बर 8, जो सड़कों के बारे में है, पर कुछ कहना चाहता हूं। मेरे हल्के दढ़वा कलां में जितनी सड़कों पर काम हो रहा था वह सारा रोक दिया गया है। मेरा निवेदन है कि उन सड़कों पर दोबारा काम भाुरू करवाया जाए। दूसरे मैं कुछ सड़कें और बनाने के लिए सरकार से निवेदन करूंगा। वे हैं सहुवाला 2 से ताजिया खेड़ा और गुसाईयाना से खेड़ी तक। ये सड़कें जल्दी कम्पलीट की जाएं ताकि वहां के लोगों को सहूलियत मिल सके। मैं कहना चाहता हूं कि जो एम. एल.एज. अपोजी ान में हैं, उनका काम चाहे न हो लेकिन पब्लिक का काम नहीं रूकना चाहिए, वह जरूर होना चाहिए।

इसके बाद मैं डिमांड नम्बर 9, जो ि ाक्षा के बारे में हैं उस पर बोलना चाहता हूं। मेरे हल्के में दो–तीन स्कूल हैं जो डाउन ग्रेड कर दिये गये हैं। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि उनको फिर से अपग्रेड किया जाए। (ाोर एवं विघ्न) मैं सरकार के ध्यान में एक बात और लाना चाहता हूं। (विघ्न)

श्री बलदेव तायलः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका यान रूल 97 की तरफ दिलाना चाहता हूं और खास कर जो मंत्रिगण बैठे हुए हैं उनका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि एक आम सदस्य से ज्यादा जिम्मेदारी मंत्रिगण की है। वे इस हाउस को प्रोपरली और गरिमा के साथ चलाएं। रूल 97 में लिखा हुआ है:–

"Rule 97. Whilst the Assembly is sitting, a member:-

(i) shall not read any book, newspaper or letter except in connection with the business of the Assembly;

(ii) shall not interrupt any Member whil speaking by discrderly expression or noises or in any other disorderly manner....

(ix) shall not obstruct proceedings, hiss or interrupt and shall not make running commentaries when speeches are being made in the Assembly."

श्री उपाध्यक्षः मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा (विघ्न)

श्री बलदेव तायलः उपाध्यक्ष महोदय, आपको निवेदन करने की आव यकता नहीं है। आपको पूर्णरूपेण इस गरिमामय

सदन में अधिकार है कि आप उनको हुकम दे सकते हैं, डायरैक्ट कर सकते हैं। यहां पर जो कांटिन्यूसली मंत्रियों द्वारा इन्ट्र ान की जाती है वह भाोभनीय नहीं है (ाोर)।

परिवहन मंत्री (श्री जगन नाथ): उपाध्यक्ष महोदय, अभी तायल साहब और संत कंवर जी ने एक अजीब बात की। ये दोनों नये मैंबर हैं। ये खड़े होकर रूल तो पढ़ देते हैं लेकिन इनको रूलों का पता नहीं है। लोक सभा के अन्दर भूतपूर्व स्पीकर सरदार हुकम सिंह की एक रूलिंग है कि जब तक मंत्री बैठा होता है तब तक वह मंत्री नहीं कहलाला है। जब वह जवाब देता है उस वक्त वह मंत्री कहलाता है। इसलिये जितना राइट इनका है उतना ही राइट हमारा हैं, ...।

श्री बलदेव तायल: उपाध्यक्ष महोदय, यह आव यक नहीं है कि जो पुराना मैम्बर हो वह आलम फाजिल हो (ाोर) कभी निरक्षर भट्टाचार्य इस सदन के मैम्बर रहे हैं, उनका जिक्र नहीं करूंगा। दूसरी बात यह है कि उपाध्यक्ष महोदय के कहने के बाद किसी भी मंत्री या सदस्य को यह कहने का अधिकार नहीं है कि ....।

Mr. Deputy Speaker, by what he has said, he has cast an aspersion on the Chair. He may be asked to withdraw the remarks.

उपाध्यक्षः मेरा ख्याल है इन्होंने यह नहीं कहा था कि यह चलेगा। इन्होंने आपका एक बात की तरफ ध्यान आकर्शित

किया था कि इस प्रकार की, लोक सभा में स्पीकर महोदय की रूलिंग है कि जब कोई मंत्री खड़ा होकर डिबेट का जवाब दे उस वक्त उसे मंत्री ट्रीट किया जाए बाकी समय में वह मैम्बर के तौर पर है।

श्री बलदेव तायलः उपाध्यक्ष महोदय, यहां हाउस में जो कुछ भी बोला जाता है वह रिकार्ड होता है। अभी मंत्री जी ने कहा कि .... यह एक्सपंज होना चाहिए (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः यदि कोई भाब्द रिकार्ड में आया है तो मैं उसको एग्जामिन करूंगा और उसके बाद ही फैसला किया जाएगा कि यह एक्सपंज किया जाए या नहीं।

चौधरी जगदी ा कुमार बैनीवालः डिप्टी स्पीकर साहब, जो उस समय की जनता पार्टी की सरकार ने मेरे हल्के दढ़वा कलां के अन्दर स्कूल अपग्रेड किए थे इस सरकार ने उन स्कूलों को डाउन ग्रेड कर दिया है। डिप्टभ स्पीकर साहब, सिरसा डिस्ट्रिक्ट के अन्दर सबसे कम स्कूल मेरे हल्के के अन्दर हैं और आप रिकार्ड मंगवा कर देख लें कि सिरसा डिस्ट्रिक्ट में सबसे कम स्कूल अप ग्रे हुए हैं। यह अब की बात नहीं है, चौधरी बंसी लाल जी की और चौधरी देवी ला जी की आपस में बनती नहीं थी इसलिए इस जिले के अन्दर बहुत पहले से कुछ काम नहीं हुआ है। जिस समय चौधरी देवी लाल जी की सरकार बनी तो चौधरी भजन लाल की वजह से वहां पर काम नहीं हो सका। अब चौधरी

भजन लाल जी की हकूमत आई है जो उस वक्त भी उस जिले के बारे में एतराज किया करते थे, इसलिए उसी बेस पर चौधरी भजन लाल जी ने उन स्कूलों को डाउन ग्रेड कर दिया। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं दो चार गांवों के नाम बताता हूं, जिनके अन्दर बहुत ज्यादा स्कूलों की जरूरत है। जैसे रूपावास और गुर्सावाणा है, इन गांवों के स्कूलों को डाउन ग्रेड कर दिया गया है। सरकार की तरफ से स्कूल अपग्रेड करने के बारे में जो नार्मज निर्धारित किए हुए हैं, इन गांवों के स्कूल वे सारे नार्मज भी पूरे करते हैं। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इन गांवों के स्कूल जल्दी से जल्दी अपग्रेड किए जाएं ताकि वहां ि ाक्षा का काम सुचारू रूप से चल सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं डिमान्ड नम्बर 10 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मेरे हल्का दढ़बा कलां में डिंग चौपटा में एक 50 बैठ का हस्पताल उस समय की जनता पार्टी की सरकार का मंजूर किया हुआ है लेकिन उस पर अभी तक काम भाुरू नहीं हुआ है। डिप्टी स्पीकर साहब, जिन गांवों के नाम मैंने अभी बतायें हैं, यह चौपटा उन गांवों के सैंटर में पड़ता है और इस चौपटे में मंडी भी बनने वाली है। तो मरी सरकार से प्रार्थना है कि वहां पर हस्पताल जल्दी से जल्दी बनाया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा मेरे हल्का दढ़बा कलां में जो डिस्पैंसरी है, उसकी हाल बहुत खराब है, उस डिस्पैंसरी की बिल्डिंग बिल्कुल टूटी फूटी पड़ी है। उस डिस्पैंसरी के अन्दर किसी सर्वेन्ट के रहने के काबिल भी

कोई कमरा नहीं है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उस डिस्पैंसरी की बिल्डिंग को जल्दी से जल्दी ठीक करायसा जाए ताकि वहां का काम ठीक ढंग से चल सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा मैं डिमान्ड नम्बर 13 जोकि समाज कल्याण के बारे में हैं, पर कुछ कहना चाहता हूं। इस डिमान्ड के बारे मे मेरा सरकार से इतना ही निवेदन हैं कि मेरे हल्के के अन्दर पानी की बहुत कमी है। जिन गांवों के अन्दर पानी की बहुत ज्यादा जरूरत है, उनके नाम मैं आपके सामने बताता हूं। जैसे सहीदांवाली, नटार, दढ़बा कलां, जमाल, कागदाणा, तरकांवाली, डिंग मंडी और बकरियांवाली। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी सरकार से दरख्वास्त हैं कि मैंने जिन गांवों के नाम बताए हैं उनके अन्दर जल्दी से जल्दी वाटर सप्लाई करवाने की कृपा करें।

चौधरी नारायण सिंह (पटौदी–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एजूके ान की डिमान्ड पर अपने कुछ विचार रखना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने एजूके ान के बारे में जो कुछ कदम उठाए हैं, वे बहुत ही सराहनीय कदम हैं। मेरे हल्के में एक कमला नेहरू कालेज है, उसको गवर्नमैंट ने टेक ओवर कर लिया है। इसके लिए मैं चीफ मिनिस्टर साहब का बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। वह कालेज बिल्कुल ही बंद होने जा रहा था और इस सरकार ने उसको टेक ओवर कर लिया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैने उस समय की

जनता पार्टी की सरकार से एक निवेदन किया था कि मेरे हल्के में एक दो लड़कियों के स्कूल हैं, उनको अपग्रेड किया जाए। उस समय की जनता पार्टी की सरकार में आर्य साहब एजूके ान मिनिस्टर होते थे, इन्होंने मेरे से कहा कि हो जाएंगें। उन गांवों के नाम फरूख नगर और करौला है। उन गांवों के स्कूल सारी जरूरतें पूरी करते थे लेकिन वे आज तक अपग्रेड नहीं हुए हैं। इसलिए मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि पिछली दफा भी मेरी कांस्टीच्यूऐंसी में एक ही स्कूल अपग्रेड हुआ था कि और कांस्टीच्यूऐंसीज में दो दो स्कूल अपग्रेड हुए थे। मेरी कांस्टीच्यूऐंसी में नूरगढ़ गांव के स्कूल को अपग्रेड किया गया था इसके अलावा और कोई भी स्कूल अपग्रेड नहीं किया गया।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं डिमान्ड नंबर 10 पर अपने कुछ विचार प्रकट करना चाहता हूं। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने सफाई कर्मचारियों के लिए जो 50–50 रूपए बढ़ाए है, उसके लिए मैं चीफ मिनिस्टर साहब का भाुक्रगुजार हूं लेकिन साथ में मैं एक यह अर्ज भी करना चाहता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब उस आर्डर में यह करा दें कि जो 50–50 रूपए बढ़ाए गए हैं, वे सिर्फ बाल्मीकियों को ही दिए गए हैं। इस पैसे के लिए सिर्फ सफाई कर्मचारी ही एनटाईटल्ड हैं और कोई भी कर्मचारी एनटाईटल्ड नहीं है, मैं आपकी मारफत सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि सफाई मजदूरों को जो 50 रूपए बढ़ा कर दिए गए थे वे फरूख नगर और पटौदी क म्युनिसिपल कमेटियों ने, पिछले महीने

से बंद कर दिए हैं। वे कहते हैं कि ये पैसे सरकार ने सिर्फ 6 महीने के लिए दिए थे। इसलिए मेरी चीफ मिनिस्टर साहब से प्रार्थना है कि वह पैसा उन सफाई मजदूरों के लिए आगे भी जारी रखा जाए।

डिप्टी स्पीकर साहब, तीसरी बात बड़ी जरूरी है। फरूखनगर और उसके आस पास छोटे छोटे कस्बे हैं। इन कस्बों में भौचालय जाने के लिए कोई प्रबन्ध नहीं है। इन कस्बों में लैटरीन्ज का इन्तजाम करना बहुत जरूरी है क्योंकि कई बार औरतो को सड़कों पर ही बैठ जाना पड़ता है। इसके बारे मं मैंने डी.सी. को भ कहा था कि लैटरीन्ज बनवाई जाएं। उन्होंने कहा था कि बनवा देंगे लेकिन अभी तक इसकी इम्पलीमैंटे ान नहीं हुई है। मैं सरकार से गुजारि ा करूंगा कि ऐसे कस्बों में लैटरीन्ज का अव य प्रबन्ध किया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, हरिजन वैल्फेयर स्कीम के तहत एक परिवार के लिए जो दो हजार रूपया रखा गया है, यह बहुत कम है, यह कम से कम पांच हजार होना चाहिए। इतनी थोड़ी सी रा ि ा से हरिजनों का भला नहीं होने वाला। कम से कम पांच हजार कर दिया जाए तो बेहतर होगा। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

मास्टर जोगी राम (असंध अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग सं. 8 से 13 तक बोलना चाहता हूं। मैंने कई बारे बोलने की को ि ा ा की लेकिन मेरे कुछ भाई मेरे से पहले उठ

जाते थे और मेरी बात बीच में ही रहा जाती थी। सबसे पहले मैं डिमांड नं. 9, जो एजुके ान के बारे में है, पर बोलना चाहता हूं। आज हरियाणा में ि ाक्षा की स्थिति बड़ी भाोचनीय है। मैं निजी रूप से ि ाक्षा के बारे में जानता हूं, इस विभाग में काम करने वाले अध्यापकों की तन्खाहें और अन्य सुविधायें बहुत कम हैं, उनके साथ हमे ाा अन्याय होता आया है। मैं सरकार का ध्यान इस विश की ओर वि ाश रूप से आकर्शित करना चाहता हूं। देहातों में, खास तौर पर प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले अध्यापक, काफी मेहनत करने के बाद, काफी पैसा खर्च करने के बाद अध्यापक का रूप धारण करते हैं। उसके बाद कक्षाओं को पढ़ान के लिए जब वे विद्यालय में प्रवे ा लेते हैं तो उनके सामने वि ोश समस्याआं का बवंडर खड़ा होता है। वह सोचता है कि कोरी स्लेट के रूप में छोटा सा बच्चा तेरे सामने आया है, उसको इन्सान बनाना है। इसके साथ ही साथ उसक सामने घरेलू समस्यायें भी हैं, रोटी का मसला है, मकान का मसला है और दूसरी समस्यायें हैं जो उसको हर वक्त सताती रहती है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि यह छोटी कक्षाओं को पढ़ाने वाला अध्यापक जो छोटे छोटे बच्चों का भविश्य बनाता है, उसका वेतन दूसरे अध्यापकों के मुकाबले में कम क्यों हैं ? इन अध्यापकों की तन्खाहें, माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ान वाले अध्यापकें से कम हैं। जहां तक मैं समझता हूं, जो अध्यापक छोटी छोटी क्लासिज को पढ़ाते हैं, उनका वेतन, उन अध्यापकों से ज्यादा होना चाहिए जो बड़ी क्लासिज को पढ़ाते हैं।

इन छोटे अध्यापकों को, बच्चों के मां बाप अपने बच्चों का जीवन सुधारने के लिए सौंपते हैं और उनके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सदन मं बताना चाहता हूं कि देहातों के अन्दर, इन छोटे अध्यापको के साथ बड़ा अन्याय हो रहा है। दूसरे कर्मचारियों की तरह इनको मैडिकल भता नहीं दिया जा रहा। इनकी सर्विस पन्द्रह पन्द्रह साल की हो गई है लेकिन किसी को मैडिकल भता नहीं मिलता भाहरों के अन्दर जो बड़े और छोटे अधिकारी रहते हैं या वे लोग जो कालेजिज में लैक्चरार हैं, वे अपनी बन्धी हुई तन्खाह से काफी ज्यादा पैसा और लेते हैं। उनको मैडिकल भता मिलता है लेकिन गांवों में पढ़ाने वाले प्राथमिक अध्यापकों के साथ अन्याय हो रहा है। इन अध्यापकों को फ्लैट रेट पर मैडिकल भता दिया जाना चाहिए। इनीक तन्खाह का 5 प्रति ात या 10 प्रति ात जो भी सरकार उचित समझे, उनको वेतन के साथ मैडिकल भता मिलना चाहिए। मुझे आ ाा है कि सरकार इस तरफ गौर करेगी। इसके अतिरिक्त, बड़े बड़े कस्बों मे ंया दूसरी जगहों में जो अध्यापक रहते हैं उनको हाउस रेंट नहीं मिलता। मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्शित करना चाहता हूं कि देहातों और कस्बों में जो अध्यापक हैं, उनको हाउस रेंट दिया जाए। इसके बाद मैं सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं। भानिवार को स्कूलों में मीटिंग्ज होती हैं। सरकार ने एक स्कीम चलाई है जिस पर हर साल तीन चार लाख रूपया खर्चा होता है। अध्यापक भानिवार को मीटिंग करने के लिए जाते हैं और पीछे क्लास ि ाक्षा से रहित हो जाती

है। इस मीटिंग में अध्यापक कोई रचनात्मक काम नहीं करते, वास्तव में इस मीटिंग से किसी को कोई फायदा नहीं है बल्कि जो रूपया खर्च होता है उसका दुरूपयोग होता है। (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी राम कि ान पदासीन हुए) ये अध्यापक कोई रचनात्मक काम नहीं करते। बजाये इसके कि दस बीस अध्यापक इकट्ठे हो जाएं, अपनी व्यक्तिगत बाते करें और व्यर्थ में समय नश्ट करें, और कोई काम नहीं होता। मेरा सरकार को एक सुझाव है कि ये मीटिंग्ज बंद कर दी जाएं ताकि पैसे का दुरूपयोग न हो।

अब मैं डिमांड नं. 12 के बारे में बोलना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, हरियाणा में लेबर की समस्या बड़ी अहम है। आज बेकार पढ़े लिखे लोग भी है। कई गांवों में अनपढ़ मजदूरों को ठीक तरह से मजदूरी न मिलने के कारण बहुत झगड़े हो रहे हैं। मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्शित करना चाहता हूं कि सरकार ने देहातों में मजदूरों की मजदूरी तो नि चत कर दी है लेकिन तहसील और जिला स्तर के अधिकारी इन बातों को, इन निर्दे ाों को गांवों तक क्यों नहीं पहुंचातें। ये बातें गांवों तक पहुंचाने में ये अधिकारी क्यों मदद नहीं करते ? अगर ये सब बातें गांवों तक पहुंचें तो मजदूर और जमींदार के बीच मे जो झगड़ा होता है, वह नहीं हो सकता। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। कुरूक्षेत्र में भाना नाम का एक गांव हैं जिसमें पिछले डेढ़ साल से हरिजनों के ऊपर बन्दी लगी हुई है। गांव के लोगों

ने उनका बाई काट किया हुआ है और सरकार की जानकारी में यह बात लाई जा चुकी है। यह चौधरी देवी लाल के वक्त की बात है, उनके नोटिस में यह बात आई थी लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहं दिया। (विघ्न) मेरे भाई संत कंवर जी वैसे ही उतावले हो रहे हैं। मैंने तो किसी पोलिटिक्स में पड़ना चाहता हूं, न किसी की आलोचना करना चाहता हूं। जब मेरी कोई आलोचना नहीं करता तो मैं भी किसी की आलोचना नहीं करता। मैं खुद उस गांव में गया हूं। बी.डी.ओ., एस.डी.एम. और डी.सी. को वहां बुलाया गया था, सभी लोगों को इकट्ठा किया गया था। (विघ्न) दो साल हो चुके हैं लेकिन अब भी वहीं स्थिति है। गांव के जो मजदूर हैं, हरिजन है, पिछड़े वर्ग के लोग हैं, वे सारे के सारे दिहाड़ी करने के लिए दूर कस्बों मे जा रहे हैं, दसूरे गांवों में अपनी दिहाड़ी के लिए जा रहे हैं। तो मेरी सरकार से हाथ जोड़ कर प्रार्थना है कि उन लोगों के मुफाद के लिए वह पाबन्दी हटाई जाए।

चेयरमैन साहब, अपने हल्के के बारे में मैं एक बात और कहना चाहता हूं। मुख्य मंत्री जी मेरे हल्के में मूनक और असन्ध दो जगह गए थे और वहां पर बस स्टैन्ड बनाने की बात इनके सामने आई थी। वे वहां मंजूरी दे आए थे लेकिन अभी तक वहां काम भाुरू नहीं हुआ है। परिवहन मंत्री जी से मैं दरख्वास्त करता हूं कि वे कृपया इस काम को जल्दी से जल्दी करवाने की कृपा करें।

सभापति महोदय, मेरे हल्के में एक मूनक ड्रेन है। उसके ऊपर पुल नहीं बना हुआ है। उस गांव की आधी जमीन उस ड्रैन से इधर है और आधी जमीन ड्रेन से उधर है। लोगों को अपने खेत में जाने के लिए दो किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है। तो मेरी आई.पी.एम. साहब से गुजारि ा है कि वे इस ड्रे पर पुल अव य बनवा दें।

सभापति महोदय, म ुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल जी जब मेरे हल्के में गए थे तो मूनक से बौहली माइनर की मंजूरी देकर आए थे लकिन वे उसे बनवा न पाए। इसलिए मैं अपने मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि ये कृपया उसे बनवाने का कश्ट करें।

चेयरमैन साहब, अब मैं सदन का ध्यान एक वि ोश बात की ओर दिलाना चाहता हूं। आज इस समाज के अन्दर एक साधनहीन है और एक साधन सम्पन्न है। एक के पास उत्पादन के साधन है और एक साधनहीन है। जो लोग यह समझते हैं कि हमारे पास बहुत कुछ है, हम बहुत ताकत रखते हैं वे यह न भूलें कि जो भूखा मर रहा है, जिसके पास रोटी, कपड़ा और मकान नहीं है वह एक दिन मजबूर होकर जिनके पास है उनसे छीन लेगा। (ाोर) सभापति महोदय 240 करोड़ रूपये के बजट के अन्दर 20 करोड़ या 24 करोड़ रूपया बैकवर्ड क्लासिज औरहरिजनों के ऊपर खर्च होना चाहिए था लेकिन केवल 60 लाख रूपया खर्च हो रहा है। जब इस क्लास की आबादी सारी

पापुले ान की 20 परसैंट बताई जाती है तो बजट की भी 20 परसैंट रा ि ा इनके ऊपर खर्च होनी चाहिए थी। (घंटी)

सभापति महोदय, मैं एक बहुत जरूरी बात कहने जा रहा हूं। हरिजनों के उपर अत्याचार बहुत बढ़ रहे हैं। (विघ्न) बार बार इस बात की तरफ ध्यान दिलाया जा रहा है। (विघ्न) मुख्य मंत्री जी तो इस तरफ ध्यान दे रहे हैं लेकिन नीचे जो अफसरान हैं एस.पी. और डी.सी. वगैरह ऐसा लगता है उनको इस बात का ध्यान नहीं रहता। वे जातिवाद के जहर में फंसे हुए हैं। (ाोर)

श्री सभापतिः आर्डर प्लीज।

मास्टर जोगी रामः चेयरमैंन साहब, आखिर में मैं डिमांड नं. 8 के बारे में एक बात कहना चाहता हूं क्योंकि मंत्री जी अब आए हैं। असन्ध के अन्दर पी.डब्ल्यू.डी. का एक सब–डिविजन हैं। उसे डेढ़ साल से कोई काम नहीं मिला है। मुझे पता है कि एस.ई. उस सब डिविजन का सारा काम ऐक्सियन करनाल से करवाता है। वहां के ऐक्सियन, एस.डी.ओ. और दूसरे सारे कर्मचारी खाली बैठे हैं। यही कारण है कि असन्ध पानीपत सड़क पर आज तक काम पूरा नहीं हुआ है। (विघ्न)

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए)

श्री सभापतिः बलदेव तायल।

सरदार सुखदेव सिंहः सभापति महोदय, मेरा यह निवेदन है कि जिन मैम्बर्ज को अभी तक टाईम नहीं मिला है उनको भी टाईम दिया जाए।

श्री सभापतिः सबको टाईम मिलेगा, आप चिन्ता न करें।

श्री बलदेव तायल (हांसी): सभापति महोदय, वित्त मंत्री महोदय ने यह जो बजट पे ा किया है यह घाटे का बजट है। डिमांड नं. 1 पर बोलते हुए मैं आपका और इस सदन का ध्यान बढ़ती हुई कीमतों की ओर आकर्शित करूंगा। किसी भी दे ा के अन्दर जब तक घाटे का बजट रहेगा तब तक मुद्रा स्फीति होना आव यक है। मुद्रा स्फीति से यानी केवल कागजी मुद्रा के आधार पर किसी सरकार का चलना बिल्कुल ही अर्थ विहीन है। सभापति महोदय, घाटे के बजट को पूरा करने के दो तरीके होते हैं। एक तरीका तो है कि कर लगाए जाएं। मैं वित्त मंत्री महोदय को इस बात की बधाई देता हूं कि उन्होंने हरियाणा की जनता को करों से राहत देकर कुछ न कुछ भला काम किया है परन्तु साथ ही एक बात की चेतावनी भी देता हूं। अगर इस किस्म के बजट आते रहे तो मंहगाई इतनी बढ़ जाएगी कि गरीब जनता पिस कर रह जाएगी। डिमांड नं. 1 में सभापति महोदय, पहली आईटम मंत्रिपरिशद की है। इसमें लिखा है कि 6658400 रूपये मिनिस्ट्री के ऊपर खर्च किए जाएंगे।

सभापति महोदय, मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि इस खर्च में कटौती की जा सकती है और कटौती करने से बजट का घाटा भी कम हो सकता है। सभापति जी, कहीं ऐसा न हो कि मंत्रिमंडल को घटाने की बजाए बढ़ाना भुरू कर दें और यह खर्चा 60 लाख से एक करोड़ हो जाये। मैं आपके जरिए मुख्य मंत्री जी से मांग करूंगा कि मंत्रिपरिशद को छोटा करके खर्चे को घटाया जायें।

12.00 बजे

